चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

संदर्भ : सीक्रेसी/3690
दिनांक : 08.01.2021

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
संस्थागत/व्यक्तिगत मुख्य वार्षिक परीक्षा–2021
से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय/संस्थान,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय : संस्थागत/व्यक्तिगत मुख्य वार्षिक परीक्षा–2021 स्नातक/परास्नातक (केवल व्यक्तिगत) स्तर के समस्त पाठ्यक्रमों के समस्त विषय, प्रश्न–पत्र/कोड की परीक्षा विगत वर्षों की भांति 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों वाली ओ0एम0आर0 आधारित ही आयोजित होने के सम्बन्ध में सूचना।

महोदय/महोदया,

मुख्य वार्षिक परीक्षा–2021 से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष के प्रश्न–पत्र पैटर्न के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित तथ्य आपके व सम्बन्धित छात्र/छात्राओं के संज्ञान में लाना आवश्यक प्रतीत होता है :–

01. अंग्रेजी विषय की अध्ययन समिति की बैठक दिनांक 12.07.2019 में निर्णय लिया गया कि एम0ए0 संस्थागत (सैमेस्टर प्रणाली) एवं एम0ए0 व्यक्तिगत (वार्षिक प्रणाली) के परीक्षार्थियों हेतु पाठ्यक्रम एवं पैटर्न में एकरूपता प्रदान करते हुए वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत, एम0ए0 (अंग्रेजी) व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए भी प्रश्न–पत्र पैटर्न तीन खण्डों (अति–लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय एवं विस्तृत उत्तरीय) वाला प्रभावी किया जाए।

02. अध्ययन समिति के उक्त निर्णय पर विश्वविद्यालय प्रशासनिक स्तर से सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि **मुख्य वार्षिक परीक्षा–2021 के स्नातक (संस्थागत/व्यक्तिगत) स्तर तथा परास्नातक (केवल व्यक्तिगत) स्तर के अंग्रेजी विषय सहित अन्तिम वर्ष से सम्बन्धित समस्त विषय/पाठ्यक्रमों, प्रश्न–पत्र, कोड की परीक्षाऐं विगत वर्षें की भांति ओ0एम0आर0 आधारित 100 प्रश्नों की वस्तुनिष्ठ पैटर्न वाली ही आयोजित होगी।**

अतः इस विषयक आपके स्तर से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को अवगत कराया जाना अपेक्षित है।

भवदीय,

/

कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :

01. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. प्रभारी, विश्वविद्यालय वैबसाईट को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

08-01-2021

कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक